प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
14.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

....

स्वच्छता ही सेवा अभियान देशभर में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। इस वर्ष का विषय है–स्वभाव, स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता। इस मिशन की दसवीं वर्षगांठ पर यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कल उद्‌घाटन समारोह में, केंद्रीय आवासन और शहरी मामलों के मंत्री, मनोहर लाल ने घोषणा की कि सरकार इस वर्ष के स्वच्छता अभियान के अंतर्गत दो लाख स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों–सीटीयू को बदल देगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए इन सीटीयू स्थलों को जिला स्तर पर गैर–सरकारी संगठनों और विभिन्न संस्थानों द्वारा अपनाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक ही जगह सेवाएं प्रदान करने के लिए सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

....

प्रदेशभर में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। ट्रेफिक मैजिस्ट्रेट न्यायालयों में एम.वी. चालान मामलों में ई–पे के माध्यम से कम्पाउंडिंग शुल्क के भुगतान की ऑनलाईन सुविधा भी दी गई है। राष्ट्रीय लोक अदालत में आई.ई.सी. सामग्री के वितरण और स्थानीय निकाय हितधारकों, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, पैरा–लीगल वालंटियर्स, सार्वजनिक परिवहन सेवाओं के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा हैं। इस अदालत में निपटान के लिए विभिन्न लोक अदालतों की ओर से अभी तक करीब 73 हजार मामलों की पहचान की गई है।

....

आज राष्ट्रीय हिन्दी दिवस है। 14 सितंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा ने हिंदी को देवनागरी लिपि में भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया। 1953 से हर साल 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य हिंदी भाषा के महत्व और प्रसार को बढ़ावा देना और हिंदी को राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित करना है। इस अवसर पर देश सहित प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा शिमला के गेयटी थियेटर में राज्य स्तरीय अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

....

पोषण माह के तहत महिला व बाल विकास विभाग द्वारा हमीरपुर जिला के रोपड़ी गांव में कल एक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने लोगों को पोषण से संबंधित विषयों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाएं परिवार की नींव होती है और उन्हें खाद्य पदार्थों में पोषक तत्वों की जानकारी होना बहुत जरूरी है। शिविर के दौरान स्थानीय महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को पोषण का महत्व बताया गया।

....

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में पिछले 24 घण्टों के दौरान व्यापक वर्षा हुई है। जनजातीय जिला किन्नौर के ऊपरी क्षेत्रों में बीती रात हल्की बर्फबारी हुई है। वहीं आज पदेश के अधिकांश भागों में हल्की धूप के बीच बादल छाये हुए हैं। मौसम में आए इस बदलाव से राज्य के तापमान में 2–4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है जिससे हल्की ठंड महसूस की जा रही है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कुल्लू, शिमला, किन्नौर और सिरमौर जिलों में बाढ़ आने की चेतावनी जारी की है। इसे देखते हुए लोगों को एहतियात बरतने की सलाह दी गई है। राज्य में आगामी 18 सितंबर तक मौसम के खराब रहने की संभावना हैं।

....

सुर्खियां समाचार पत्रों से.................

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मंडी में मस्जिद विवाद मामले से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है– मंडी में हिंदु संगठनों का प्रदर्शन, आयुक्त कोर्ट का मस्जिद की दो अवैध मंजिलें गिराने के आदेश। पंजाब केसरी के मुताबिक– मंडी में हिंदु संगठनों का उग्र प्रदर्शन। दैनिक भास्कर के शब्द हैं– मंडी में भी अवैध मस्जिद के खिलाफ प्रदर्शन– पुलिस ने वाटर कैनन से भीड़ तितर–बितर की। दैनिक जागरण का शीर्षक है– मंडी में मुस्लिम पक्ष को मस्जिद का अवैध निर्माण गिराने का आदेश। दिव्य हिमाचल लिखता है–मंडी में प्रदर्शन, शिमला में सुकून।

हिमाचल दस्तक मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह के हवाले से लिखता है–हिमाचल में होगा सभी धर्मों व समुदाय का सम्मान। दैनिक सवेरा टाईम्स के अनुसार– प्रदेश में सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने के लिए काम कर रही सरकार।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है–किन्नौर में दूसरे दिन भी बर्फबारी, 30 सड़कें बंद, 22 ट्रान्सफ़ामर ठप्प–प्रदेश में तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट दर्ज।